# कार्यालय नगर पालिका परिषद, सरधना (मेरठ)

पत्रांक :– 1087 दिनांक :– 15/03/25

सेवा में,

**आयुक्त महोदय**
मेरठ मण्डल, मेरठ।

द्वारा :– **जिला मजिस्ट्रेट**
मेरठ।

**विषय :– नगर पालिका परिषद सरधना (मेरठ) की आहूत बोर्ड बैठक दिनांक 07.03.2025 के द्वारा पारित संकल्प की सूचना संबंधी।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, अवगत कराना है कि इस निकाय में दिनांक 07.03.2025 को पालिका पत्रांक 1052 दिनांक 03.03.2025 को पालिका सभागार में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरधना द्वारा बोर्ड बैठक आहूत करने के लिए एजेण्डा प्रेषित किया गया था **(संलग्नक आहूत बोर्ड बैठक का एजेण्डा सूचना)**, जिसमें सदस्यों द्वारा दिनांक 05.03.2025 को दिये गये पत्र के क्रम में पालिका पत्रांक 1056 दिनांक 06.03.2025 के द्वारा स्वःकर प्रणाली के अन्तर्गत मानक व कर निर्धारण करने पर विचार एंव आदेश बोर्ड के लिए विशेष संकल्प एजेण्डा प्रेषित किया गया था **(संलग्नक विशेष संकल्प का एजेण्डा सूचना)।**

तदानुसार बोर्ड द्वारा एजेण्डा बिन्दु संख्या 1 व विशेष संकल्प व एजेण्डा बिन्दु संख्या 2, 3 व 4 में पारित संकल्प प्रस्ताव आपकी सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

Shahila
**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)

**प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. निदेशक महोदय, स्थानीय निकाय निदेशालय, सेक्टर–7 गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ।
2. अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) महोदय, मेरठ।
3. उप जिलाधिकारी महोदय, मेरठ।

Shahila
**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)

15/3/2025

15.3.25

आज दिनांक 07.03.2025 को दोपहर 2.30 बजे नगर पालिका परिषद सरधना के सभागार में श्रीमती सबीला बेगम अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, सरधना की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक प्रारम्भ हुई, जिसमें निम्नवत् उपस्थिति रही–

| | | |
|---|---|---|
| | श्रीमती सबीला बेगम, | अध्यक्ष, |
| | श्री अतुल प्रधान जी | मा0 विधायक/पदेन सदस्य |
| 1 | श्रीमती अंजली | सदस्य, |
| 2 | श्री वीर सिंह | सदस्य, |
| 3 | श्री मुकेश | सदस्य, |
| 4 | श्रीमती तनिका जैन | सदस्य, |
| 5 | श्रीमती शगुफ्ता | सदस्य, |
| 6 | श्री संजय कुमार | सदस्य, |
| 7 | श्री शानू जैन | सदस्य, |
| 8 | श्रीमती नेहा जैन उर्फ नेहा टाली | सदस्य, |
| 9 | श्री राहुल | सदस्य, |
| 10 | श्री शकील | सदस्य, |
| 11 | श्री शहजाद | सदस्य, |
| 12 | श्री शाहिद | सदस्य, |
| 13 | श्रीमती शमीना | सदस्य, |
| 14 | श्री मोहम्मद खालिद | सदस्य, |
| 15 | श्रीमती फिरदौस | सदस्य, |
| 16 | श्री फरमान | सदस्य, |
| 17 | श्री सलीम | सदस्य, |
| 18 | श्री मन्नान | सदस्य, |
| 19 | श्री आशीष त्यागी | सदस्य, |
| 20 | श्री तारिक हसन | सदस्य, |
| 21 | श्री इमरान | सदस्य, |

| | |
|---|---|
| प्रस्ताव संख्या 1 :– गत बैठक की पुष्टि | सदन के समक्ष गत बैठक की पुष्टि हेतु बैठक की कार्यवाही की प्रति उपलब्ध कराते हुए गत बैठक की कार्यवाही को पढ़कर सुनाया गया, जिस पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से गत बैठक की पुष्टि की गयी । |
| विशेष संकल्प प्रस्ताव :– स्वःकर के संबंध में सदस्यों की मांग पर विशेष संकल्प के लिए प्रेषित एजेण्डा पर विचार एवं आदेश बोर्ड। | सदन के समक्ष पूर्व प्रेषित एजेण्डा के सापेक्ष पालिका पत्रांक 1056 दिनांक 06.03.2025 के स्वःकर प्रणाली के अन्तर्गत मानक व कर निर्धारण करने के लिए विशेष संकल्प के प्रेषित एजेण्डा पर सदन के समक्ष चर्चा हुई जिसमें सदन में सदस्यों द्वारा विशेष संकल्प व पूर्ण बहुमत के साथ श्रीमती कविता, श्री मौ0 खालिद, श्री आशिष त्यागी, श्री राहुल पाल, श्रीमती नेहा जैन, श्रीमती समीना, श्री मौ0 फरमान, श्री शाहिद, श्री शहजाद, श्री तारिक हसन, श्री मुकेश, श्रीमती अंजली, श्री इमरान, श्री संजय कुमार, श्री वीर सिंह, श्री शानू जैन, श्रीमती वसीला, श्रीमती फिरदौस, श्रीमती तनिका जैन, श्रीमती शगुफ्ता अंसारी व पदेन सदस्य मा0 विधायक श्री अतुल प्रधान व अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वः हस्ताक्षरित स्वःकर प्रणाली की मौहल्लेवार करों की दर प्रति वर्ग फिट भवन निर्माण की प्रकृति के अनुसार टेबिल रूप में निम्नानुसार अंकित दर |

Shakila

Scanned with CamScanner

| सड़क की चौड़ाई मीटर में | आर.सी.सी./ आर.बी.सी. | अन्य पक्का | कच्चा | रिक्त भूमि |
|---|---|---|---|---|
| 24 मी से अधिक | 1.10 | 0.80 | 0.70 | 0.25 |
| 12–24 मी0 अधिक | 0.80 | 0.70 | 0.60 | 0.20 |
| 9–12 मी0 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.12 |
| 9 मी0 तक | 0.50 | 0.40 | 0.30 | 0.10 |

सदन के समक्ष पढ़कर सुनाया गया, जिसमें सदन द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वःकर प्रणाली के संबंध में भवनों पर प्रति वर्ग फिट के आधार पर दरें निर्धारित कर अन्तिम प्रकाशन किया गया था, उसके सापेक्ष बोर्ड द्वारा वर्तमान में उपरोक्त विशेष संकल्प द्वारा स्वीकृत दरों के अनुसार स्वःकर निर्धारण की कार्यवाही की जाये तथा इस हेतु शासन/प्रशासन के समक्ष उपरोक्त विशेष संकल्प के द्वारा सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव अनुसार निर्धारित मासिक किराया दरों अनुसार कार्यवाही के लिए जो भी आवश्यक कार्यवाही हो उस कार्यवाही को सम्पादन करने के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 2 :–**

वित्तीय वर्ष 2025–2026 के अनुमानित बजट की स्वीकृति पर विचार एवं आदेश बोर्ड ।

वित्तीय वर्ष 2025–2026 का अनुमानित बजट सदन के समक्ष ढकर सुनाया गया, जिसमें आय पक्ष में अंकन 48,67,48,605.00 रू0 व व्यय पक्ष में अंकन 48,55,11,600.00 रू0 का प्रवधान किया गया था, सदन में बजट पर चर्चा उपरांत सर्व सम्मति से वित्तीय वर्ष 2025–26 का अनुमानित बजट सहर्ष स्वीकृति किया गया, उक्तानुसार स्वीकृत अनुमानित बजट के आय व व्यय पक्ष अनुसार कार्यवाही करने के लिये अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 3 :–**

वार्षिक ठेकाजात 2025–26 हेतु नीलामी पर विचार एंव आदेश बोर्ड।

वार्षिक ठेकाजात के विषय में सदन में वर्तमान में वार्षिक ठेकों के बारे में जानकारी प्राप्त करायी गयी, जिसमें सदन को अवगत कराया गया कि वर्तमान में ठेका साप्ताहिक पैंठ मौहल्ला भुलरिया व शहीद द्वार स्थल पर गत वर्ष की भांति साप्ताहिक पैंठ की वसूली करने पर सहमति बनी तथा मुर्दा मवेशी ठेका तथा पूर्व की भांति ही मौहल्ला खाकरोबान में एकल सुअर के मीट की दुकान का ठेका, ठेका विज्ञापन, के लिए वार्षिक ठेके छोड़ने की सहमति बनी तथा सदन को यह भी अवगत कराया गया कि पालिका में ठेका वाहन अडडा पड़ाव शुल्क 1997 से प्रचलित है, किन्तु उक्त ठेके में ठेकेदार द्वारा वाहन अडडा पडाव शुल्क के नाम पर वसूली करने पर विवाद हो जाने से पूर्व बोर्ड द्वारा भी बोर्ड बैठको में प्रस्ताव लाकर उक्त उपविधि अनुसार ठेका वाहन अडडा पड़ाव शुल्क वसूलने की कार्यवाही न की जाये का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ है तथा वर्तमान में भी पूर्व बोर्ड बैठकों के प्रस्ताव अनुसार ही बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ठेका वाहन अडडा पडाव शुल्क की प्रचलित उप विधि अनुसार कोई भी शुल्क लेने अथवा ठेका छोडने की कार्यवाही न की जाये। उक्तानुसार कार्यवाही के लिए अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया।

Shabbir

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| प्रस्ताव संख्या 4 :–<br>अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से | |
| प्रस्ताव संख्या 4 (1) :–<br>सदन के समक्ष सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित उ0प्र0 शासन नगर विकास अनुभाग–9 द्वारा पत्रांक संख्या 1148/नौ–9–2024–85ज/05 टी0सी0–1 लखनऊ दिनांक 04 जुलाई 2024 में स्वःकर प्रणाली की दरो में हस्ताक्षरित प्रस्ताव पर छूट के संबंध में विचार एंव आदेश बोर्ड। | सदन के समक्ष श्री राहुल पाल, श्री शाहिद, श्री शहजाद, श्रीमती तनिका जैन, श्रीमती नेहा जैन, श्रीमती शगुफ्ता अंसारी, श्री तारिक हसन, श्री आशीष त्यागी, श्रीमती समीना, श्री इमरान, श्री मुकेश, श्री खालिद, श्रीमती वसीला, श्री मौ0 फरमान, श्री संजय कुमार, श्रीमती फिरदौस, श्रीमती अंजली व पदेन सदस्य/ मा0 विधायक, श्री अतुल प्रधान व अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद सरधना द्वारा हस्ताक्षरित व श्री वीर सिंह भाटी, श्री शानू जैन अंकित मोहर बिना हस्ताक्षर के पत्र को पढ़कर सुनाया गया, जिसमें सदन द्वारा उ0प्र0 शासन नगर विकास अनुभाग–9 द्वारा पत्रांक संख्या 1148/नौ–9–2024–85ज/05 टी0सी0–1 लखनऊ दिनांक 04 जुलाई 2024 के संबंध में स्वःकर प्रणाली की दरों में छूट, टैक्स को बढाना और घटाना व जलकर 7.50 प्रतिशत आदि आदि के संबंध में उप नियम में दिये गये नियमो के अन्तर्गत आपत्ति की सुनवाई के बाद ही समस्त बोर्ड विशेष संकल्प से पास किया गया के प्रस्ताव को पढकर सुनाया गया, जिसमें सदस्यों द्वारा संलग्नक उ0प्र0 नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) की अधिसूचना संख्या 912/नौ–9–24–85ज/05 टी0सी0–1 लखनऊ दिनांक 28 जून, 2024 में उल्लिखित न्यूनतम मासिक किराया दर का निर्धारण में स्पष्टीकरण बिन्दु संख्या 2 में उल्लिखित अनुसूची के श्रेणीवार 1, 2, 3 व 4 में उल्लिखित सम्पत्तियों के भवनों हेतु दरें निर्धारित करने के संबंध में भी सदन को अवगत कराया गया, जिस पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त अधिसूचना में सम्पत्ति के श्रेणीवार विवरण में केवल नियत दर के अनावासिक भवन की मासिक किराया दर तीन गुना के स्थान पर केवल दोगुना ही दर नियत करने का निर्णय लिया गया तथा उक्त अधिसूचना अनुसार ही भवन या भूमि के वार्षिक मूल्य पर न्यूनतम केवल 10 प्रतिशत ग्रहकर व 7.50 प्रतिशत जलकर व 2.50 प्रतिशत जल निकासी कर ही निर्धारित किया गया व उक्त अधिनियम में बोर्ड द्वारा भवन या भूमि में छूट देने हेतु नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 140 के अन्तर्गत दिये गये प्रावधानों का प्रयोग करते हुए बोर्ड द्वारा बहुमत से उसमें दी गयी छूट का प्रावधान कर गजट आदि की कार्यवाही करने के लिए भी प्रस्ताव पारित किया गया तथा उक्त के अतिरिक्त स्वःकर लागू होने पर नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 230 में जल सम्भरण के लिये किये गये उपबंधों अनुसार कार्यवाही करने के लिए भी सर्वसम्मति से प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। उक्तानुसार समस्त कार्यवाही करने के लिए अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |
| प्रस्ताव संख्या 4 (2) :–<br>श्री शहजाद, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव पर विचार एवं आदेश बोर्ड। | सदन के समक्ष श्री शहजाद सदस्य द्वारा दिये गये पत्र नगर पालिका को नगर की जनता से जल मूल्य एवं जलकर में से एक ही टैक्स लगाया जाने का प्रावधान हैं, जबकि नगर पालिका सरधना द्वारा दोनों एक साथ लिए जा रहे हैं। उक्त |

Shahid

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| | को दृष्टिगत रखते हुए नगर की जनता से जल मूल्य समाप्त करते हुए बकाया जल मूल्य माफ किया जाये तथा नगर की जनता पर पूर्व बकाया जलकर–गृहकर की शीघ्र अति शीघ्र वसूली कर नगर में शीघ्र अति शीघ्र विकास कार्य कराये जायें को पढ़कर सुनाया गया, जिस पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से नगर पालिका अधिनियम में उल्लिखित उपबंधों का प्रयोग करते हुए नियमानुसार यथा आवश्यक कार्यवाही करने के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |
| प्रस्ताव संख्या 4 (3) :–<br>वार्ड सदस्यों द्वारा अपने–अपने वार्ड में विकास कार्य हेतु दिये गये प्रस्ताव पत्रों पर विचार एंव आदेश बोर्ड। | सदन में वार्ड सदस्यों द्वारा अपने अपने वार्ड में दिये गये विकासात्मक कार्यों को सदन के समक्ष रखा गया, जिनमें श्रीमती श्रीमति कविता, सदस्य जोकि उक्त बैठक में उपस्थित नही है, उनके द्वारा दिये गये प्रस्ताव पर श्री शहजाद सदस्य द्वारा हस्ताक्षर करते हुए अध्यक्ष महोदय को बैठक से पूर्व दस्ती दिये गये प्रस्तावों से सदन को अवगत कराया गया।<br>1– पुलिस चौकी चमारान मौहल्ले व दौराला रोड पर लगभग 30 पौधे ट्री गार्ड सहित लगवाये जायें।<br>2– मौहल्ला गढ़ी खटीकान में सामाजिक धर्मशाला में निर्माण कार्य का पास प्रस्ताव के क्रम में अवर अभियंता द्वारा तैयार स्टीमेट के सापेक्ष शीघ्र ही राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि से टेण्डर कराया जायें।<br>3– मौहल्ला पुलिस चौकी चमारान में शौचालय के पीछे पड़ी खाली भूमि/नगर पालिका भूमि में अम्बेडकर भवन का निर्माण कार्य कराया जायें।<br>4– नाले की पटरी गोमतीनगर से दौराला रोड पर सी0सी0 नाले का निर्माण एवं सी0सी0 टाईलस का कार्य कराया जायें।<br><br>**श्री मुकेश, सदस्य द्वारा दिया गया प्रस्तावः–**<br>यह कि वार्ड नं0 04 अम्बेडकर धर्मशाला में पुरानी कई वर्षो से चुनाव आने व कई धार्मिक कार्य कम होते है व चुनाव में चुनाव कर्मचारियों का डयूटी धर्मशाला में लगाई जाती है तो कर्मचारियों को शौचालय आदि की बहुत परेशानी होती है तथा न0पा0परि0 को भी अपने कर्मचारियों व शौचालय की व्यवस्था करानी पडती है। कृप्या इस परेशानी की व्यवस्था कराई जायें।<br>1– वार्ड न0 04 में दलित बस्ती नाले के पुल पर फिज लगवाया जायें।<br>2– वार्ड न0 04 में शिव मंदिर पर फिज लगवाया जायें।<br>3–डा0 भीमराव अम्बेडकर की उत्तर दिशा में स्थित नाले व तालाब के पास सुलभ शौचालय का निर्माण कराया जाए, क्योकि वार्ड न0 04 में कोई सुलभ शौचालय नही हैं।<br>4– अम्बेडकर पार्क में नियमित माली की व्यवस्था कराई जाये पिछले कई महिनों से पार्क की दशा बदहाल हो चुकी हैं व पार्क का मेन गेट का ताला किसी अज्ञात व्यक्ति ने तोड दिया है और जिससे पार्क रात दिन खुला रहता है व बाबा साहब की मूर्ति के साथ भी अनहोनी की आशांका बनी रहती हैं। |

Shabihr

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| | 5– वार्ड न0 04 में टूटी फूटी नालियों की मरम्मत कराई जाए क्योकि नालियों का पानी लोगों की नीव के अन्दर रिसाव कर रहा हैं।<br>6– वार्ड न0 04 में शिव मंदिर के सामने लाला महेन्द्र व योगी जी की गली का निर्माण कराया जाए क्योकि गली जर–जर हालत में है जिस कारण आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पडता है।<br>7– वार्ड न0 04 में सुदेश एडवोकेट नाले के पुल से रेखा मैडिकल स्टोर तक व जगदीश के मकान से सुभाष नर्सरी तक आर0सी0 रोड का निर्माण कराया जाए।<br>8– वार्ड न0 04 डा0 भीमराव अम्बेडकर पार्क के बराबर में नाले के ऊपर कवर कराया जाए, ताकि कोई अनहोनि न हों।<br><br>**श्री संजय कुमार, सदस्य द्वारा दिया गया प्रस्तावः–**<br>1– मौ0 आर्दशनगर में रूपचन्द वाली गली आर0सी0सी0 निर्माण कार्य कराया जाए।<br>2– मौ0 आर्दशनगर जैन मंदिर के बराबर में आपचक का आर0सी0सी0 निर्माण कार्य कराया जाए।<br>3– वार्ड न0 07 में शिवचौक बिनौली रोड, प्रभातनगर के गेट के बराबर में छावडिया रोड आर्दशनगर व मौ0 मण्डी चमारान में वाटर कूलर लगवाये जायें।<br><br>**श्री शकील, सदस्य द्वारा दिया गया प्रस्तावः–**<br>1– कोठी की सडको का निर्माण कार्य कराया जाए।<br>2– कोठी में बिजली के खम्भे लगेगें।<br>3– कालन्द चुंगी से लेकर जगदीश पंसारी तक सडक का निर्माण कार्य कराया जाए।<br>4– श्री किशन वाली गली का निर्माण कराया जाए।<br>5– मौ0 बेलदारान में वैद जी वाली गली का निर्माण कार्य कराया जाए।<br>6– सिराज वाली गली का निर्माण कार्य कराया जाए।<br>7– ऐनुद्दीन शाह वाली गली का निर्माण कार्य कराया जाए।<br>8– मनोज जैन वाली व पंकज जैन वाली गली का निर्माण कार्य कराया जाए।<br>9– प्रभातनगर में पीछे वाला रास्ता व गली का निर्माण कार्य कराया जाए।<br>10– प्रभातनगर मे नई लाईटें लगवाई जाए।<br>11– मौ0 बेलदारान व कमरानवावान में नई लाईटें लगवायी जाए।<br>12– कमरानवावान की गलीयो का निर्माण कार्य कराया जाए।<br>13– वार्ड न0 05 में फ्रिज की लगवाया जाए।<br><br>**श्रीमती फिरदौस, सदस्य द्वारा दिया गया प्रस्तावः–**<br>1– पप्पू अब्वारी के मकान से होली का भवन के चारों ओर हनीफ के मकान तक सडको का निर्माण कार्य कराया जायें।<br>2– शमशाद के मकान से मास्टर रफीक के मकान तक सडकों का निर्माण कार्य कराया जाए। |

Shakila

Scanned with CamScanner

3– याकूब के मकान से मास्टर रफीक के मकान तक सडको का निर्माण कार्य कराया जायें।
4– वार्ड 03 में फ्रिज लगवाया जाए।

**श्री फरमान, सदस्य द्वारा दिया गया प्रस्तावः–**
1– वार्ड 20 में सुलमान शाह कब्रिस्तान में चार दीवारी का कार्य कराया जाये ओर एक गेट का निर्माण कराया जायें।
2–वार्ड 20 में लाईटें बेहद खराब हो गई है तत्काल लाईटों को बदलने का कार्य करें व 20 लाईटें उपलब्ध कराया जाए।
3– वार्ड नं0 20 अहाता ईशाईयान में सडक की स्थायी बेहद खराब है तत्काल उसका टेन्डर कराया जाये नाली और टाईल्स का निर्माण कार्य कराया जायें।
4– वार्ड नं0 20 सुलमान शाह में इरशाद की दुकान से मस्जिद सुलेमान शाह वाली गली तक आर0सी0सी0 की सडक का निर्माण कराया जायें।
5– वार्ड 20 टाउन हाल रोड जिसको हम वाई0आई0पी0 रोड भी बोलते है कृपा कर के सडक का निर्माण नदीम चाय वाले की दुकान से अमीर अहमद के मकान तक निर्माण का होना अति आवश्यक है इससे हमें जल भराव से भी छुटकारा मिल जायेगा।
6– वार्ड नं0 20 टाउनहाल रोड पर जो भी नाले है उनको भी निर्माण होना अति आवश्यक है कृप्या सडक के साथ–साथ हइसका भी निर्माण कराया जायें।
7– वार्ड 20 इन्द्रानगर में तहसील के गेट से डम्पिंग ग्राउंड तक नाले का निर्माण कार्य कराया जायें।

उक्त प्रस्तावों पर अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अधिशासी अधिकारी द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि वर्तमान में पालिका में राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत कार्य कराये जाने हेतु पर्याप्त धनराशि नहीं है जिस कारण उपलब्ध कराये गये प्रस्तावों पर कार्य कराया जाना सम्भव नहीं है, जिस को दृष्टिगत रखते हुए सदन में चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मा0 सदस्यों द्वारा दिये गये विकास कार्यो के प्रस्ताव में अति आवश्यक कार्य को चिन्हिंत करते हुए अति आवश्यक कार्य ही राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से धनराशि की उपलब्धता के आधार पर कार्य कराये जाये तथा साथ ही साथ सदन में चर्चा उपरान्त सहमति बनी कि नगर में यदि कही भी सडक में कोई गडढा अथवा कोई नाली अथवा नाला क्षतिग्रस्त होता है या पेयजलापूर्ति में समसेबिल अथवा कोई समरसेबिल पम्प, पैनल, आदि खराब होता है या किसी कीटनाशक दवा आदि की आवश्यकता होती है तो समरसेबिल रिबोर/हैण्डपम्पों/पालिका वाहनों की मरम्मत की समस्या उत्पन्न होती है या कहीं पर अति आवश्यक निर्माण कराया जाना आवश्यक होता है, तो ऐसे कार्यो को चिन्हिंत करते हुए पालिका अवर अभियंता से आंगणन बनवाकर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तुरन्त कराया जाये तथा पथप्रकाश हेतु उपलब्ध सामग्री अनुसार उपरोक्त दिये गये प्रस्ताव अनुसार स्थानों का चिन्हांकन करते हुए यथा आवश्यकता के कम में उपलब्ध एल0ई0डी0 लाईट लगा दी जाये यदि आवश्यकता पडती है, तो एल0ई0डी0 लाईट के

Shahid

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| | साथ साथ अन्य विद्युत सामग्री पालिका में धनराशि की उपलब्धता के आधार पर क्रय कर ली जाये। इसके अतिरिक्त सदन में अशोक स्तम्भ पर अशोक प्रतीक चिन्ह लगाकर अधूरे कार्य को पूर्ण करने पर चर्चा हुई, जिस पर सदन को अवगत कराया गया कि उक्त कार्य का आंगणन अंकन 4,70,400 रू0 की निविदा आमंत्रित कर ली गयी है, जिस पर सदन द्वारा उक्त कार्य के आंगणन का अनुमोदन करते हुए शीघ्र अति शीघ्र निविदा अनुसार कार्य कराने व उपरोक्त अन्य कार्यों पर कार्यवाही के लिए सर्वसम्मति से अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष को अधिकृत किया गया। |

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए सभा समाप्त की गयी।

अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)

Scanned with CamScanner

# कार्यालय नगर पालिका परिषद्, सरधना (मेरठ)

पत्रांकः 1052 / न0पा0परि0–स0 / 2024–25 दिनांकः 03 मार्च 2025

## बोर्ड बैठक सूचना/एजेण्डा

सेवा में,

1– श्री हरेन्द्र मलिक जी,
मान्नीय सांसद/पदेन सदस्य, नगर पालिका परिषद्, सरधना (मेरठ)।
2– श्री अतुल प्रधान जी,
मान्नीय विधायक/पदेन सदस्य, नगर पालिका परिषद्, सरधना (मेरठ)।
3– श्री धर्मेन्द्र भारद्वाज जी,
सदस्य विधान परिषद्/पदेन सदस्य, नगर पालिका परिषद्, सरधना (मेरठ)।
4– समस्त सदस्यगण,
नगर पालिका परिषद्, सरधना (मेरठ)।

महोदय/महोदया,

आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद्, सरधना की बोर्ड बैठक दिनांक 07.03.2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 02.30 बजे "टाउन हॉल सरधना के डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम समागार में आहूत की गई है," जिसका एजेण्डा निम्नवत् है।

अतः आपसे अनुरोध है कि नियत दिनांक, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

एजेण्डा बिन्दु निम्नवत् हैः–

1. गत बैठक की पुष्टि।
2. वित्तीय वर्ष 2025–2026 के अनुमानित बजट की स्वीकृति पर विचार एवं आदेश बोर्ड ।
3. वार्षिक ठेकाजात 2025–26 हेतु नीलामी पर विचार एवं आदेश बोर्ड।
4. अन्य विषय अध्यक्ष महोदया की अनुमति से।

(सबीला बेगम)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद्,
सरधना (मेरठ)

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, मेरठ।
2. अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) महोदय, मेरठ।
3. उप जिलाधिकारी महोदय, सरधना।
4. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, सरधना।
5. श्री सुशील कुमार यादव, अवर अभियंता, न0पा0परि0, सरधना को इस आशय से कि उपरोक्त दिनांक को बोर्ड बैठक के समय उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
6. नगर पालिका के समस्त विभागाध्यक्ष/पटल सहायक, को इस आशय से कि उपरोक्त दिनांक को बोर्ड बैठक के समय उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
7. समस्त पत्रकारगण, सरधना।

(सबीला बेगम)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद्,
सरधना (मेरठ)

Scanned with CamScanner

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, सरधना (मेरठ)

पत्रांक: 1056 / न0पा0परि0–स0 / 2024–25 दिनांक:-06 मार्च 2025

## बोर्ड बैठक सूचना / एजेण्डा

सेवा में,

1– श्री हरेन्द्र मलिक जी,
मान्नीय सांसद / पदेन सदस्य, नगर पालिका परिषद, सरधना (मेरठ)।

2– श्री अतुल प्रधान जी,
मान्नीय विधायक / पदेन सदस्य, नगर पालिका परिषद, सरधना (मेरठ)।

3– श्री धमेन्द्र भारद्वाज जी,
सदस्य विधान परिषद / पदेन सदस्य, नगर पालिका परिषद, सरधना (मेरठ)।

4– समस्त सदस्यगण,
नगर पालिका परिषद, सरधना (मेरठ)।

महोदय / महोदया,

आपको एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि पूर्व में पालिका पत्रांक 1052 दिनांक 03.03.2025 द्वारा एजेण्डा बिन्दु के सापेक्ष सदस्यों द्वारा दिनांक 05.03.2025 को 20 सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित प्रार्थना पत्र में स्वःकर प्रणाली के अन्तर्गत मानक व कर निर्धारण करने पर विचार एवं आदेश बोर्ड के लिए विशेष संकल्प को उक्त बोर्ड बैठक के एजेण्डा बिन्दु में शामिल करने का अनुरोध किया गया है। सदस्यों की मांग पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त आहूत बोर्ड बैठक में उक्त एजेण्डा बिन्दु को विशेष संकल्प एजेण्डा बिन्दु में शामिल किया जाता है।

अतः आपसे अनुरोध है कि पूर्व एजेण्डा बिन्दुओं के साथ–साथ उपरोक्त एजेण्डा बिन्दुओं पर भी चर्चा के लिए पूर्व प्रेषित बोर्ड बैठक सूचना पत्रांक 1052 दिनांक 03.03.2025 के कम में निर्धारित दिनांक व समय पर बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें।

(सबीला बेगम)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, मेरठ।
2. अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) महोदय, मेरठ।
3. उप जिलाधिकारी महोदय, सरधना।
4. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सरधना।
5. श्री सुशील कुमार यादव, अवर अभियंता, न0पा0परि0, सरधना।
6. नगर पालिका के समस्त विभागाध्यक्ष / पटल सहायक।
7. समस्त पत्रकारगण, सरधना।

O/C

(सबीला बेगम)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)

06-3-25

Scanned with OKEN Scanner